Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Amar Ujala **Date: 06-09-2024**

शिक्षक का काम अच्छे इंसान का निर्माण करना

हकेंवि में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में कुलपति बोले-शिक्षक को देखकर जीवन जीने के आदर्श तरीके याद आने चाहिए

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में वीरवार को शिक्षक शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक को देखकर किताबें मात्र याद नहीं आनी चाहिए। शिक्षक को देखकर उसके आदर्श, व्यक्तित्व और जीवन जीने के आदर्श तरीके याद आने चाहिए। शिक्षक का प्रमुख कार्य राष्ट्र के लिए अच्छे नागरिक और समाज के लिए अच्छे इंसान का निर्माण करना है। भगवान ने यदि महापुरुषों के रूप में धरा में जन्म लिया है तो उनको भी गुरु की आवश्यकता रही है।

शिक्षक शिक्षा विभाग के अधिष्ठाता प्रो. रविंद्रपाल अहलावत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने समाज में शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अच्छा शिक्षक बनने के लिए आवश्यक गुणों पर चर्चा की।

कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। स्रोत : हकेंवि

स्लम एरिया टैलेंट संस्था के साथ मनाया शिक्षक दिवस

नारनौल। प्रसिद्ध समाजसेवी और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने वाली डॉ. राजवती ने नारनौल के स्लम एरिया टैलेंट संस्था के शिक्षकों और बच्चों के साथ शिक्षक दिवस मनाया। उन्होंने भारत के प्रथम उप-राष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति डॉ. एस राधाकृष्णन की जयंती पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी। संस्था के संस्थापक हनी गुप्ता और उनके सहयोगी झुग्गी झोपड़ी वाले बच्चों को निशुल्क शिक्षा देकर सराहनीय कार्य कर रहे हैं। संवाद

समाज की उन्नति में शिक्षक के योगदान पर चर्चा

नारनौल। राजकीय शिक्षण महाविद्यालय में वीरवार को शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस का केक काटकर किया गया। इसके बाद सभी प्राध्यापकों ने अध्यापक के जीवन की महता तथा समाज के प्रति उनके कर्तव्यों का विस्तार से वर्णन किया। शिक्षक का समाज की उन्नति में योगदान पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने शिक्षक से संबंधित भाषण, कविता एवं दोहे सुनाते हुए अपने हुनर का परिचय दिया। इस मौके पर डॉ. नीलम शर्मा ने बताया कि शिक्षक किसी विद्यार्थी के जीवन में एक अहम पड़ाव हो सकता है, इसलिए शिक्षक अपनी जिम्मेदारी बहुत ही सोच-समझ कर निभाए। संवाद

शिक्षण महाविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं व स्टाफ। स्रोत : संस्थान

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 06-09-2024**

हकेंवि में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

महेंद्रगढ़ | हकेंवि में शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। कुलपति ने कहा कि एक शिक्षक को देखकर किताबें मात्र याद नहीं आनी चाहिए। शिक्षक को देखकर उसके आदर्श, व्यक्तित्व और जीवन जीने के आदर्श तरीके याद आने चाहिए। शिक्षा शिक्षक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने समाज में शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अच्छा शिक्षक बनने के लिए आवश्यक गुणों पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार चहल, डॉ. आरती यादव, डॉ. मुकेश उपाध्याय, डॉ. दिलीप पटेल, प्रो. नंद किशोर, डॉ. रेनु यादव आदि मौजूद रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Chetna **Date: 06-09-2024**

हकेवि में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

महेन्द्रगढ, चेतना संवाददाता। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में गुरुवार को शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने देश में अच्छे शिक्षकों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि एक शिक्षक को देखकर किताबें मात्र याद नहीं आनी चाहिए। शिक्षक को देखकर उसके आदर्श, व्यक्तित्व और जीवन जीने के आदर्श तरीके याद आने चाहिए। शिक्षक का प्रमुख कार्य राष्ट्र के लिए अच्छे नागरिक और समाज के लिए अच्छे इंसान का निर्माण करना है। भगवान ने यदि महापुरुषों के रूप में, धरा में जन्म लिया है तो उनको भी गुरुओं की आवश्यकता रही है।

कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षक शिक्षा विभाग के अधिष्ठाता प्रो. रविंद्रपाल अहलावत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। शिक्षक शिक्षक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने समाज में शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अच्छा शिक्षक बनने के लिए आवश्यक गुणों पर चर्चा की। प्रो. दिनेश कुमार चहल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

आयोजन में एकल नृत्य, एकल गीत गायन, पोस्टर मेकिंग, पेपर बैग मैकिंग, कोलॉज मैकिंग, परिचर्चा, आशु वक्तव्य और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन के समापन सत्र में प्रतियोगिता के विजेताओं को कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में आयोजन की समन्वयक डॉ. आरती यादव, सह-समन्वयक डॉ. मुकेश उपाध्याय व डॉ. दिलीप पटेल ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन में शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रो. नंद किशोर, डॉ. रेनु यादव सहित विभाग के सभी शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।